इलाहाबाद विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
(A Central University)

पत्रांक सं0: NO/8265/EMO/2025 दिनाँक: 22.12.2025

सेवा में,

**निदेशक,**
**आई0सी0टी0 सेल,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज।**

महोदय जी,

कृपया निम्नलिखित निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/ प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

## नीलामी सूचना

दिनाँक: 22.12.2025

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं/ प्रिण्टेड बुकलेटों/ ओ0एम0आर0 सीट की रद्दी के विक्रय हेतु सक्षम मिलों/ फर्मो से मुहर बन्द निविदायें **दिनाँक 24/12/2025 से दिनाँक 09/01/2026 अपराह्न 03:00 बजे, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय** में रखे निविदा बॉक्स में जमा करने हेतु आमंत्रित की जाती है, जो **दिनाँक: 12/01/2026** को अपराह्न 03:00 बजे सम्बन्धित समिति के सामने खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.allduniv.ac.in) के साथ (eprocure.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

**<u>प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-</u>**

1. कुलसचिव।
2. कुलानुशासक।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. वित्त अधिकारी।
5. विश्वविद्यालय पी0आर0ओ0 को इस निवेदन के साथ प्रेषित की सम्बन्धित निविदा सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. कुलपति के सचिव को माननीया कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
7. जिलाधिकारी कार्यालय प्रयागराज नोटिस बोर्ड।
8. पी0एच0क्यू0 नोटिस बोर्ड।
9. लोक सेवा आयोग, प्रयागराज।
10. कर्मचारी चयन आयोग, प्रयागराज।
11. पी0डब्लू0डी0 नोटिस बोर्ड।

कुलसचिव
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

**UNIVERSITY OF ALLAHABAD**
**PRAYAGRAJ- 211002, U.P. (INDIA)**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय**
**प्रयागराज – 211002, उ0प्र0 (भारत)**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2022-23 की मुख्य एवं द्वितीय परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की तथा परास्नातक प्रवेश- 2023 एवं क्रेट प्रवेश 2022, 2023 की प्रिन्टेड बुकलेट/ ओ0एम0आर0 सीट (प्रयुक्त एवं अप्रयुक्त) तथा सत्र 2023-24 के लिए विधि, परास्नातक एवं प्रोफेशनल कोर्स की लिखित उत्तर पुस्तिका की रद्दी के विक्रय के लिए बन्द बोली **"जहाँ है जैसे है के आधार पर"** निर्गत किये जाने वाली **निविदा के नियम एवं शर्तें-**

1. निविदा हेतु न्यूनतम बोली दरें निम्नवत हैं।
   - (i) उत्तर पुस्तिका ₹ **20.13**/- प्रति कि0ग्रा0।
   - (ii) बुकलेट ₹ **18.13**/- प्रति कि0ग्रा0।
   - (iii) लिफाफे की रद्दी ₹ **09.00**/- प्रति कि0ग्रा0।
   - (iv) अन्य प्रकार के लिफाफे की रद्दी ₹ **13.00**/- प्रति कि0ग्रा0।
   - (v) ओ0एम0आर0 सीट ₹ **18.13**/- प्रति कि0ग्रा0।

2. निविदा में अधिक दर देने वाली फर्म को विधिवत कार्य को सम्पन्न करने के लिए निर्गत होने वाले कार्यादेश के अनुसार रद्दी उठानी होगी।
3. रद्दी की तौल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धर्म कांटा पर होगी। जिस निविदादाता को लिखित उत्तर पुस्तिका, छपी हुई बुकलेट एवं अन्य को क्रय करने का कार्यादेश दिया जायेगा, उसे विश्वविद्यालय से रद्दी उठाने के पूर्व ₹ 50,000/- (पचास हजार रू0 मात्र/-) की धनराशि विश्वविद्यालय में अग्रिम के रूप में जमा करना होगा, जिसका समायोजन वास्तविक मात्रा के मूल्य के आधार पर किया जायेगा। तदनुसार ही धनराशि जमा या वापस करनी होगी।
4. रद्दी उठाने तथा पैकिंग आदि की व्यवस्था एवं इनसे सम्बन्धित लेबर खर्च कापियों की लोडिंग अनलोडिंग तथा खाली बोरी यदि लगाई जाती है, तो उस पर आने वाला व्यय निविदादाता को ही वहन करना होगा। विश्वविद्यालय इसकी कोई व्यवस्था नहीं करेगा और न ही इस पर अतिरिक्त व्यय का वहन करेगा।
5. जिस निविदादाता को लिखित उत्तर पुस्तिका/ प्रिन्टेड बुकलेट/ ओ0एम0आर0 सीट की रद्दी क्रय करने का कार्यालय आदेश दिया जायेगा, उसी निविदादाता को उत्तर पुस्तिकाओं से लिफाफे की रद्दी स्वयं अलग करानी होगी। विश्वविद्यालय इस कार्य के लिए कोई व्यवस्था नहीं करेगा और न ही कोई अतिरिक्त व्यय वहन करेगा। इस कार्य हेतु भार में कोई अनुरोध प्रिन्टेड (छपी हुई बुकलेटों) को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा किसी भी कार्यालय अवधि में बन्द बोली के आधार पर सीलबन्द लिफाफे पर **"वर्ष.................... लिखित उत्तर पुस्तिका/ प्रिन्टेड बुकलेट/ ओ0एम0आर0 एवं रद्दी क्रय हेतु निविदा"** अंकित कर के संलग्न फार्म एवं माँगे गए सभी दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा तथा वह निविदा परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में रखे टेन्डर बॉक्स में निर्धारित तिथि के अन्दर डाली जायेगी।
7. विश्वविद्यालय कोई भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निविदा प्रक्रिया अवधि में कभी भी निरस्त करने के लिए सक्षम होगा।

8. निविदादाता को धरोहर धनराशि ₹ 10,000/- (दस हजार रूपये मात्र/-) का बैंक ड्राफ्ट जो कि वित्त अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नाम देय हो निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. यदि रद्दी विक्रय में कोई कर देय होता है तो उक्त व्यय भार निविदादाता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। कर सम्बन्धी समस्त अदेयता प्रमाण पत्र फर्म को ही देना होगा सभी सुरक्षा धनराशि का वापसी सम्भव होगी।
10. यदि निविदादाता की दरें स्वीकार की जाती है और निविदादाता उपरोक्त रद्दी निर्धारित अवधि में क्रय करने में असमर्थ रहता है तो उक्त निविदादाता की कुल जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा रद्दी का नियमानुसार निस्तारण/ बिक्री किसी अन्य फर्म को करने के लिए विश्वविद्यालय स्वतन्त्र होगा।
11. विवाद की स्थिति में कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज का निर्णय अंतिम होगा तथा उभय पक्षों पर बाध्यकारी होगा।
12. समस्त प्रकार के रद्दी एवं कागज निर्माण करने वाली मिलें अथवा उनके प्रतिनिधि को ही क्रय की गई रद्दी का निस्तारण क्रेता द्वारा किसी भी दशा में खुले बाजार में नहीं किया जायेगा अन्यथा की दशा में नियमानुसार कार्यवाही अवश्य ही की जायेगी। जिसके लिए क्रेता फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।
13. निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेब साइट **www.allduniv.ac.in** के साथ **https://eprocure.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
14. प्रयुक्त लिखित उत्तर पुस्तिका/ प्रिन्टेड बुकलेट/ ओ0एम0आर0 सीट की रद्दी की नीलामी प्रक्रिया में जी.एफ.आर. 2017 के सभी नियम एवं शर्ते लागू होंगे।

मुझे उक्त सभी शर्ते स्वीकार है एवं उक्त सभी शर्तों पर मैं निविदा में उल्लिखित रद्दी क्रय करने को तैयार हूँ।

तिथि: ..........................

निविदा दाता का नाम हस्ताक्षर ...................................

फर्म का नाम एवं पूरा पता ...........................................

मोबाइल नं0 ........................................................